गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज महाराष्ट्र के पुणे में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 20 लाख लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र व 10 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त का वितरण किया

देश में आज पहली बार एक साथ 20 लाख लाभार्थियों को अपना खुद का घर मिलने का स्वप्न पूरा हो रहा है

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पीएम आवास योजना चरण-2 की शुरूआत की जिसके तहत सबसे अधिक घर महाराष्ट्र को मिले

घर के साथ-साथ शौचालय देकर मोदी जी ने गरीबों के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा की

मोदी सरकार द्वारा महिलाओं, पिछड़े वर्ग, SC, ST व गरीबों को 2029 तक 5 करोड़ घर देने के लक्ष्य में अब तक 3 करोड़ 80 लाख घर दिए गए

श्री देवेन्द्र फडणवीस जी, श्री एकनाथ शिंदे जी और श्री अजित पवार जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने महाराष्ट्र में सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को ज़मीन पर उतारा

प्रविष्टि तिथि: 22 FEB 2025 7:25PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज महाराष्ट्र के पुणे में प्रधानमंत्री आवास योजना 'ग्रामीण' (चरण-2) के अंतर्गत 20 लाख लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र तथा 10 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त का वितरण किया। इस अवसर पर केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री श्री मुरलीधर मोहोल और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे और श्री अजित पवार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन मे केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत में आज पहली बार एक साथ 20 लाख लाभार्थियों को अपना खुद का घर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 20 लाख आवास आवंटित किए गए हैं और 10 लाख लाभार्थियों को उनकी पहली किस्त कार्यक्रम समाप्त होने से पहले ही देने का काम आज महाराष्ट्र सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि 20 लाख लोगों का अपने घर में रहने का स्वप्न आज केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर पूरा कर रहे हैं। श्री शाह ने कहा कि घर के साथ-साथ शौचालय, सोलर पैनल और जल्द ही गैस का सिलिंडर भी मिलेगा और ये काम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस जी ने किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने 2047 में देश को पूर्ण विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है और विकसित राष्ट्र का मतलब है कि देश के हर व्यक्ति का विकास हो, उसके पास घर और अन्य आधारभूत सुविधाएं हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना चरण -2 की शुरूआत की जिसके तहत सबसे अधिक घर महाराष्ट्र को मिले हैं। श्री शाह ने कहा कि घर का मतलब विकास के सपनों को सार्थक करना होता है और ये आने वाली पीढ़ियों के विकास का प्रथम चरण होता है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने गरीबों को घर देने के साथ साथ शौचालय देकर उनके सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा भी की है। श्री शाह ने कहा कि देश में Housing For All योजना के तहत महिलाओं, पिछड़ा वर्ग, SC, ST आदि सभी गरीब वर्गों को 2029 तक 5 करोड़ घर आवंटित करने का लक्ष्य रखा गया है जिनमें से 3 करोड़ 80 लाख परिवारों को घर देने का काम समाप्त भी हो गया है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत महाराष्ट्र में पहले 13.50 लाख और अब 19.50 लाख घर दिए गए हैं और ये सारे घर समयबद्ध तरीके से मिलें, इसकी भी व्यवस्था की गई है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने 10 साल में करोड़ों लोगों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलों मुफ्त अनाज देकर उनकी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है, 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास देकर गृह सुरक्षा सुनिश्चित की है और 4 करोड़ लोगों को बिजली देकर उनके घर का अंधेरा दूर किया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 13 करोड़ शौचालय बनाकर माताओं का सम्मान बढ़ाया है, 36 करोड़ आयुष्मान भारत कार्ड देकर लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की है और 1 करोड़ लखपति दीदी बनाकर गरीब माताओं को स्वाभिमान देने का काम किया है। गृह मंत्री ने कहा कि देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम भी प्रधानमंत्री जी ने किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने महाराष्ट्र के विकास के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर के कई काम किए हैं। उन्होंने कहा कि श्री देवेन्द्र फडणवीस जी, श्री एकनाथ शिंदे जी और श्री अजित पवार जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने महाराष्ट्र में सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को ज़मीन पर उतारा है। उन्होंने कहा कि कई सिंचाई परियोजनाओं ने महाराष्ट्र को अकाल से बचाया है, 11 वंदे भारत रेल शुरू हुई हैं और अमृत भारत योजना के तहत 128 रेलवे स्टेशनों का पुनर्निर्माण हो रहा है। श्री शाह ने कहा कि मुंबई, पुणे और नागपुर में मेट्रो का काम तेज़ गति से हो रहा है और शिरडी और सिंधुदुर्ग में नए हवाई अड्डे बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि अटल सेतु ट्रांस हार्बर लिंक पूरे विश्व के लिए एक अजूबा है और 76 हज़ार करोड़ रूपए की लागत से भारत का सबसे बड़ा बंदरगाह और विश्व का सबसे बड़ा कंटेनर पोर्ट महाराष्ट्र में बनाने का काम भी प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है।

*****

आरके / वीवी / आरआर / पीआर

(रिलीज़ आईडी: 2105546) आगंतुक पटल : 249